प्रादेशिक समाचार

दिनांक–16.08.2024 (संध्या 1900 बजे)

मुख्य समाचार

- चुनाव आयोग ने जम्मू–कश्मीर में 18 सितंबर से तीन चरणों में और हरियाणा में एक अक्टूबर को एक चरण में मतदान कराने की घोषणा की, दोनों राज्यों में 4 अक्टूबर को होगी मतगणना।
- कोलकाता में महिला डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या के मामले को लेकर डॉक्टरों का देशव्यापी आंदोलन जारी, रांची के रिम्स में चिकित्सा सेवा प्रभावित।
- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शहीद होने वाले राज्य के सैनिकों और अग्निवीरों के आश्रित को अनुकंपा पर सरकारी नौकरी देने के प्रस्ताव को दी मंजूरी।
- पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी को उनकी पुण्यतिथि पर दी गयी श्रद्धांजलि। राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और राज्यपाल ने किया नमन।
- मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में रांची, खूंटी, और रामगढ़ समेत तेरह जिलों में भारी बारिश का जताया अनुमान, विभाग ने जारी किया रेड अलर्ट।

****

चुनाव आयोग ने आज जम्मू–कश्मीर और हरियाणा के लिए विधानसभा चुनाव कार्यक्रमों की घोषणा कर दी। जम्मू कश्मीर में परिसीमन के बाद बनी कुल 90 सीटों पर तीन चरणों में वोट डाले जायेंगे। यहां 18 सितंबर, 25 सितंबर और एक अक्टूबर को मतदान होगा। जबकि हरियाणा में एक अक्टूबर को एक ही चरण में 90 सीटों पर मतदान होगा। दोनों राज्यों में चार अक्टूबर को वोटों की गिनती होगी।

****

कोलकाता में प्रशिक्षु महिला डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या के विरोध में देशभर में आंदोलन जारी है। विभिन्न चिकित्सा संघों की हड़ताल से देश भर में चिकित्सा सेवाएं प्रभावित हुई हैं। रांची के रिम्स में भी जूनियर रेजिडेंट डॉक्टर्स के हड़ताल पर चले जाने से चिकित्सा सेवा पूरी तरह प्रभावित हो गयी है। इस बीच, भारतीय चिकित्सा संघ ने कल सुबह छह बजे से अगले 24 घंटे के लिए देश भर में गैर–आपातकालीन सेवाएं बंद रखने की घोषणा की है।

****

हजारीबाग में शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में डॉक्टर के साथ मारपीट को लेकर चिकित्सकों ने स्वास्थ्य सेवा बाधित कर दी है। हमारे संवाददाता ने जानकारी दी है कि इलाज के दौरान एक मरीज की मौत हो गई थी, इसके बाद परिजनों ने डॉक्टर के साथ मारपीट कर दी। इस घटना के बाद डॉक्टर आक्रोशित हो गये और इमरजेंसी वार्ड के समक्ष धरना पर बैठ गये।

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सेना के ऑपरेशन के दौरान शहीद होने वाले राज्य के सैनिक और अग्निवीर के आश्रित को विशेष अनुग्रह राशि और अनुकंपा के आधार पर सरकारी नौकरी प्रदान करने के प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी है। अब इस प्रस्ताव पर राज्य मंत्रिमंडल का अनुमोदन लिया जाएगा।

****

हंटरगंज प्रखण्ड क्षेत्र की कोबना पंचायत के सचिव सुमन संदीप किंडो पर अबुआ आवास योजना में राशि के लेनदेन के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की गई है। वहीं प्रतापपुर प्रखंड के राजस्व उपनिरीक्षक नारायण झा के खिलापफ जमीन की दाखिल खारिज के नाम पर अवैध वसूली की जांच पूरी होने के बाद संलिप्त लोगों के खिलाफ उपायुक्त रमेश घोलप ने प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्रवाई का निर्देश दिया है।

****

डीजीपी अनुराग गुप्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री की पहल पर महिला पुलिस अधिकारियों का दो दिवसीय राज्य स्तरीय सम्मेलन 23 और 24 अगस्त को डोरंडा स्थित जैप–वन में आयोजित होगा। इस सम्मेलन की थीम–महिला पुलिस सेवा, सुरक्षा एवं सम्मान रखी गयी है।

****

असम के मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के विधानसभा सह चुनाव प्रभारी हिमंता विश्वा सरमा ने दावा किया कि विधानसभा चुनाव में भाजपा जीत दर्ज करेगी। रांची में आज मंडल अध्यक्षों की बैठक में हिस्सा लेने

के बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव को देखते हुए मंडल अध्यक्षों को चुनाव के लिए तैयार रहना चाहिए।

****

वनरक्षी से वनपाल में पदोन्नति के नियम में संशोधन कर केवल 50 प्रतिशत पद पर सीधी नियुक्ति का राज्यभर में विरोध शुरू हो गया है। नियम में संशोधन तथा सीधी नियुक्ति का विरोध करते हुए सरायकेला खरसावां जिले में कार्यरत 45 वनरक्षी आज से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए।

****

पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की उनकी पुण्यतिथि पर देशभर में श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री समेत केन्द्रीय मंत्री और कई गणमान्य लोगों ने नयी दिल्ली स्थित अटल समाधि स्थल पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इधर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

वहीं जमशेदपुर में भाजपा महानगर कार्यालय में भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी को श्रद्धासुमन अर्पित किया गया।

****

लोहरदगा जिले में बढ़ती सडक् दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए जिला सड़क सुरक्षा समिति योजना बना कर काम कर रही है। ब्यौरे के साथ हमारे संवाददाता–

****

मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों में राजधानी रांची समेत राज्य के कई जिलों में भारी बारिश की संभावना जताई है। रांची स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक ने बताया कि 17 और 18 अगस्त को राज्य में कहीं–कहीं भारी से बहुत भारी वर्षा हो सकती है।

****

संक्षिप्त खबरें

- लोहरदगा जिले के भंडरा थाना क्षेत्र की गदरपो पंचायत के अमदरी गांव में बारिश के साथ हुई वज्रपात से एक 32 वर्षीय महिला की मौत हो गई।
- गढ़वा व्यवहार न्यायालय स्थित प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेश शरण सिंह की अदालत ने हत्या के आरोप में छह लोगों को आजीवन सश्रम कारावास और 20–20 हजार रूपये का जुर्माना लगाया है।

*******समाप्त*******